# करोड़ों की लागत से बने छात्रावास खंडहर में तब्दील

## सुविधा के इंतजार में दूरदराज के छात्र सरकारी संपत्ति की बदहाली पर उठे सवाल

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले की सरकारी व्यवस्थाओं में करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी उसका लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाने की तस्वीर शासकीय आईटीआई परिसर में बने छात्रावासों के रूप में सामने आ रही है।

दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों से तकनीकी शिक्षा हासिल करने पहुंचने वाले छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए निर्मित 100-सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन वर्षों से उपयोग की बाट जोह रहे हैं। उपयोग और नियमित देखरेख के अभाव में भवनों की हालत लगातार खराब होती जा रही है और करोड़ों की लागत से तैयार सरकारी संपत्ति अब खंडहर में तब्दील होती नजर आ रही है।

शासकीय आईटीआई में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन छात्रावास भवनों का निर्माण कराया गया था।

मंशा साफ थी कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सुरक्षित आवास की सुविधा भी परिसर में ही मिल सके। लेकिन निर्माण के बाद लंबे समय तक छात्रावासों का समुचित संचालन नहीं हो सका।

परिणाम यह है कि जिस भवन से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की उम्मीद थी वही आज उपेक्षा और बदहाली की कहानी बयां कर रहा है।



**निर्माण के बाद उपयोग नहीं तो जिम्मेदार कौन?**

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब छात्रावासों का निर्माण विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देने के लिए किया गया था, तो उनका उपयोग सुनिश्चित क्यों नहीं किया गया? यदि भवन तैयार होने के बाद भी वर्षों तक विद्यार्थियों को सुविधा नहीं मिल पाई तो इसके लिए जिम्मेदारी किसकी तय हुई और सरकारी संपत्ति के रखरखाव की व्यवस्था क्यों नहीं की गई?

इन सवालों का जवाब जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों से अपेक्षित है। दूरदराज के गांवों से आने वाले अनेक विद्यार्थियों के सामने आवास की समस्या बनी रहती है। ऐसे में परिसर में तैयार छात्रावास भवनों का उपयोग नहीं होना सरकारी योजना के उद्देश्य पर ही सवाल खड़े करता है। एक ओर विद्यार्थियों को रहने के लिए निजी स्तर पर व्यवस्था करनी पड़ सकती है वहीं दूसरी ओर सरकारी धन से निर्मित भवन उपयोग के अभाव में जर्जर होते जाएं तो यह व्यवस्था की गंभीर विडंबना कही जाएगी।

**करोड़ों की संपत्ति को बचाने की जरूरत**

सरकारी भवन केवल ईंट पत्थर की संरचना नहीं होते बल्कि वे जनता के धन से निर्मित सार्वजनिक संपत्ति होते हैं। समय रहते इनके संरक्षण और उपयोग की व्यवस्था नहीं की गई तो निर्माण पर खर्च की गई बड़ी राशि का उद्देश्य ही निष्प्रभावी हो जाएगा।

जिम्मेदार विभाग को छात्रावासों की वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन कराकर भवनों की मरम्मत रखरखाव एवं संचालन की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर छात्रावासों को विद्यार्थियों के उपयोग में लाने की पहल करता है या फिर सरकारी धन से तैयार ये भवन इसी तरह उपेक्षा की भेंट चढ़कर धीरे धीरे खंडहर में तब्दील होते रहते हैं।



## मझगांय बांध प्रभावितों का चिता आंदोलन सुर्खियों में छाया, हक की लड़ाई में मिटने को भी तैयार

**अजयगढ़, देशबन्धु।** अजयगढ़ के मझगांय बांध प्रभावितों का चिता आंदोलन अब प्रशासनिक दमन के आगे सीना तानकर एक विराट जनक्रांति का रूप ले चुका है, जहां नौवें दिन भी टपरियों में डेरा डाले ग्रामीणों ने देर रात तक मशालें जलाकर हुंकार भरी और साफ कर दिया कि जेल की सलाखें या पुलिसिया जुल्म उनके बुलंद हौसले को नहीं डिगा सकते। जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर ने शासन-प्रशासन पर लोकतंत्र के चीरहरण का गंभीर आरोप लगाते हुए दो टूक कहा कि विस्थापन के इस दर्दनाक दौर में मुआवजे और पुनर्वास के नाम पर चल रहा भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और अब अपनी पुरखों की माटी से अगाध प्रेम जताने के लिए मिट्टी सत्याग्रह का बिगुल भी फूंक दिया गया है। प्रशासनिक दमन के आगे सीना तानकर खड़े विस्थापित, मर मिटने को तैयार हैं। प्रशासनिक चेतावनियों और दमनकारी हथकंडों को दरकिनार करते हुए आंदोलनकारी अब हर मोर्चे पर डटे हुए हैं, चाहे वह रमिया आदिवासी की संदेहास्पद मौत पर न्याय की गुहार हो या फिर निर्माण से लेकर पुनर्वास तक हर स्तर पर पारदर्शिता की मांग। ग्रामीणों का यह शांतिपूर्ण संघर्ष इस बात की चीखती गवाही है कि जब तक हर एक विस्थापित परिवार को उसका मुकम्मल हक और न्याय नहीं मिल जाता, तब तक न तो मशालें बुझेंगी और न ही यह ऐतिहासिक सत्याग्रह थमेगा।

### सार-समाचार

## भाजपा महिला मोर्चा मंडल मानपुर की अध्यक्ष बनाए जाने पर सोमवती गुप्ता को पार्टी कार्यकर्ताओं सहित शुभचिंतकों ने दी बधाई

**उमरिया, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल जी एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्री मती अश्विनी परांजपे के निर्देशानुसार एवं श्री गौरव सिरोठिया भारतीय जनता पार्टी के संभाग प्रभारी डॉ स्वप्ना वर्मा जी भाजपा संभाग प्रभारी महिला मोर्चा राजेन्द्र पांडे जिला प्रभारी भाजपा एवं आषुतोष अग्रवाल जी भाजपा जिलाध्यक्ष उमरिया की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष उमरिया महिला मोर्चा द्वारा जिला एवं मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें मानपुर भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा नेत्री सोमवती गुप्ता जी को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हुए उन्हें बधाई दी साथ ही शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है सोमवती गुप्ता निश्चित रूप से भाजपा महिला मोर्चा मंडल मानपुर की कर्मठ तेज तर्रार नेत्री है उनके नेतृत्व में जहां संगठन को मजबूती प्रदान होगी वहीं महिला सशक्तिकरण और मजबूती के साथ काम करेगा सोमवती गुप्ता ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो उन पर विश्वास जताया है और उन्हें जो मानपुर महिला मोर्चा की जवाबदारी सौंपी है वो उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगी और संगठन को मजबूती प्रदान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

## बांधवगढ़ जंगल में अवैध रेत खनन, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**उमरिया,देशबन्धु।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगल में अवैध रेत खनन का मामला सामने आया है। बरुआ नाला से लगातार मिल रही जानकारी के बाद शनिवार को टाइगर रिजर्व प्रबंधन की टीम ने कार्रवाई की। टीम ने मौके से रेत खनन में लगी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। इस कार्रवाई बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम को कुछ समय से बरुआ नाला क्षेत्र में अवैध रेत खनन की सूचना मिल रही थी। इसी जानकारी के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। टीम को देखते ही ट्रैक्टर चालक ने वाहन लेकर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी के कारण वह सफल नहीं हो पाया। इसके बाद टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया।

जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कार्यालय में खड़ा किया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, जब्त ट्रैक्टर के साथ श्याम सुंदर शर्मा गिरफ्तार किया गया। टाइगर रिजर्व प्रबंधन अब यह जांच कर रहा है कि रेत का खनन किस क्षेत्र और किस सीमा के भीतर किया जा रहा था। वन परिक्षेत्र अधिकारी अंकित सोनी ने बताया कि रेत खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर कार्यालय में खड़ा किया गया है। मामले की जांच चल रही है।

## शहडोल में अवैध रेत परिवहन पर 2 ट्रैक्टर जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में पपौंध पुलिस ने अवैध रेत ले जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। ये ट्रैक्टर नई बस्ती पड़री से पकड़े गए। पुलिस के मुताबिक, दोनों ट्रॉलियों में डंप की गई रेत भरी थी और इसे बिना किसी परमिट के ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के बाद पुलिस ने वा रेत को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से भरकर ले जा रहे थे।

पुलिस को खबर मिली थी कि नई बस्ती पड़री इलाके में डंप की गई रेत को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर अवैध तरीके से ले जाया जा रहा है। इस जानकारी की जांच के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां उन्हें दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रेत ले जाते हुए मिलीं। पुलिस ने मौके पर एक ट्रैक्टर रामसरोवर साहू को चलाते हुए पाया। दूसरा ट्रैक्टर उसका मालिक धर्मेंद्र उर्फ भल्लू उर्फ भावेंद्र सिंह खुद चला रहा था। पुलिस ने दोनों वाहनों को रोका और रेत ले जाने से जुड़े कागजात मांगे। कोई भी वैध कागजात नहीं मिलने पर दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कर ली गईं। पुलिस ने रामसरोवर साहू और धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। जब्त किए गए वाहनों को थाने में खड़ा कराया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला जेल पन्ना का त्रैमासिक निरीक्षण

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा जिला जेल पन्ना का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जेल निरीक्षण के दौरान विधिक साक्षरता शिविर भी लगाया गया। इस दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा उनके प्रकरणों की स्थिति का जायजा लिया गया। इस मौके पर विशेष जिला न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अरविंद कुमार शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रीतिका पाठक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा जिला जेल में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही भोजन, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जेल में उपलब्ध दवाइयों एवं चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली गई। उन्होंने बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके विचाराधीन एवं निराकृत प्रकरणों की स्थिति, न्यायालयीन कार्यवाही, अधिवक्ताओं की उपलब्धता तथा विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिन बंदियों को अपने प्रकरणों में विधिक सहायता की आवश्यकता थी, उनके संबंध में आवश्यक जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की गई। बंदियों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके यथासंभव शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण के साथ आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में विशेष न्यायाधीश द्वारा बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, अपील एवं जमानत संबंधी प्रावधानों तथा न्यायिक प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

## सेवा संकल्प अभियान में रंगोली, मिट्टी की गणेश प्रतिमा व खेल गतिविधियों का आयोजन

**जैतहरी,देशबन्धु।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 19 सितंबर 2026 को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेंदुरी, विकासखंड जैतहरी में विभिन्न रचनात्मक, जागरूकता एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगोली निर्माण, मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा निर्माण, भाषण, गीत तथा मेंढक दौड़ जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार किया गया। जिला स्तर पर कलेक्टर अनूपपुर रत्नाकर झा, पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगनाथ मरकाम, जिला खेल प्रशिक्षक रामचंद्र यादव तथा सहायक ग्रेड-3 कमलकांत साहू के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी, जिला अनूपपुर, स्टेट रेफरी एवं नेशनल ट्रेनर वॉलीबॉल तथा नशामुक्ति भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज, नशा छोड़ो, रिश्ता जोड़ो, व्यायाम करिए, स्वस्थ रहिए जैसे संदेशों के माध्यम से नियमित व्यायाम, खेल और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा है। तथा सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने का संकल्प दिलाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक सुनीता गुप्ता के साथ शिक्षिका राजकुमारी दास, शिवराज सिंह पटेल, सीएमसी-डीसी सचिव उमा सिंह राठौर सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने रंगोली एवं मिट्टी की गणेश प्रतिमा निर्माण के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण एवं गीत के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन एवं प्रेरक नारों का नेतृत्व दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज के निर्माण में खेल, व्यायाम, स्वच्छता एवं नशामुक्त जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर माय भारत जिला अनूपपुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों को सुबह-शाम वॉलीबॉल खेल का प्रशिक्षण भी दिया गया।

## बांधवगढ़ में 238 जिप्सियां जांच में फिट, मोबाइल उपयोग न करने के स्टीकर लगाने कहा, 1 अक्टूबर से घूम सकेंगे पर्यटक

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 1 अक्टूबर से नया पर्यटन सीजन शुरू होने जा रहा है। इसके लिए पार्क प्रबंधन ने सफारी जिप्सियों की फिटनेस और अन्य जांच प्रक्रिया तेज कर दी है।

इस साल कुल 258 जिप्सियों की फाइलें जमा हुई थीं, जिनमें से रविवार तक 238 जिप्सियों की जांच पूरी हो चुकी है। राहत की बात यह रही कि अब तक जांची गई सभी गाड़ियां तय नियमों के मुताबिक सही पाई गई हैं।

पर्यटकों की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन ने वाहनों के लिए कई कड़े मानक तय किए हैं। वाहन में 8 सीट की पासिंग और उसकी लंबाई अधिकतम 5200 मिमी होनी चाहिए।



गाड़ी का रंग हार्वेस्ट ग्रीन होना चाहिए और चारों तरफ पीले रंग के स्टीकर लगे होना जरूरी है।

सामने व पीछे 10 इंच के स्टीकर और गाड़ी पर 4 इंच की ऊंचाई में आवंटित कोड नंबर लिखा होना अनिवार्य है। जंगल में मोबाइल का इस्तेमाल न करने की हिदायत वाले स्टीकर भी वाहनों पर लगाए जा रहे हैं।

सुरक्षा व्यवस्था और मेडिकल किट की भी हो रही जांचजांच के दौरान जिप्सियों की लंबाई, चौड़ाई, सीटों की स्थिति, टायरों की हालत, बारिश से बचाव वाले हुड और गाइड की सीट का जायजा लिया जा रहा है।

इसके अलावा आपातकालीन स्थिति के लिए स्टेपनी, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और मेडिकल किट की मौजूदगी भी देखी जा रही है। पर्यटन अधिकारी अंकित सोनी ने बताया कि इस प्रक्रिया का मुख्य मकसद पर्यटकों की यात्रा को सुरक्षित और आरामदायक बनाना है, ताकि गाइड और चालक उन्हें बेहतर से बेहतर अनुभव दे सकें।

## ग्राम पंचायत वछरवारा में सड़क बनाए जाने की मांग

**पन्ना,देशबन्धु।** गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भुलगवां के बछरवारा में सड़क और पुल की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनी हुई है। बछरवारा के दूसरे मोहल्ले में जाने वाला महत्वपूर्ण मार्ग लंबे समय से खराब है, जबकि हरिओम उपाध्याय के घर से बछरवारा तक जाने वाले मार्ग पर पुल भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। बारिश के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं।

रास्ते में कीचड़ और फिसलन के कारण ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। कई स्थानों पर रास्ता इतना खराब है कि लोगों को संभलकर गुजरना पड़ता है 80 वर्षों बाद भी पक्की सड़क का इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और पुल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद ग्रामीणों को अभी तक स्थायी समाधान नहीं मिला है।

ग्रामीणों का सवाल है कि जब मार्ग इतना महत्वपूर्ण है और बारिश में आवागमन प्रभावित हो रहा है, तो आखिर जिम्मेदार कब इस ओर गंभीरता से ध्यान देंगे? ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का तत्काल निरीक्षण कराया जाए।

## अमानगंज में गूंजी 'छात्रों की गूँज

### बड़ी स्क्रीन लगाकर इंदौर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**अमानगंज, देशबन्धु।** अमानगंज राहुल गांधी के 'छात्रों की गूँज' कार्यक्रम का असर अमानगंज में भी देखने को मिला। गांधी चौक पर बड़ी स्क्रीन लगाकर इंदौर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे देखने के लिए सैकड़ों छात्र एवं आमजन पहुंचे। प्रदेश और जिला कांग्रेस के निर्देश पर शनिवार को गांधी चौक पर बड़ी स्क्रीन के जरिए राहुल गांधी के इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूँज' कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इस दौरान राहुल गांधी ने छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की।



प्रसारण देखने के लिए सैकड़ों लोग जुटे। नगर कांग्रेस कमेटी अमानगंज के अध्यक्ष वसीम खान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की आवाज को मंच देना और उनकी समस्याओं को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कोटा से प्रयागराज तक छात्रों से संवाद कर चुके हैं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी से महामंत्री भूपेंद्र सिंह बुंदेला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे, हक्कुन दहायत, वीरेंद्र खटीक, रामभगत सोनी, अश्वनी भटनागर, भभूत सिंह राजपूत, दिनेश पांडे, पप्पू दुबे, रविन्द्र पांडे, धीरेन्द्र गर्ग, संदीप तिवारी, प्रमोद वर्मा, महेंद्र तिवारी, नीरज खरे, सोनू खान,सतीश तिवारी, धूराम चौधरी, अभिषेक दुबे, प्रहलाद तिवारी, ओम प्रकाश अहिरवार, रामेश्वर गर्ग, विश्राम कोरी और मुन्ना महाराज सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## उप संभागीय प्रबंधक के पति पर 10 महीने बाद केस, उमरिया में जन्मदिन पार्टी में की थी हर्ष फायरिंग; रेंजर पर भी कार्रवाई

**उमरिया,देशबन्धु।** उमरिया जिले में मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की आवासीय कॉलोनी में जन्मदिन पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक शख्स हाथ में बंदूक लेकर हवाई फायर करता दिखाई दे रहा है। फायरिंग के दौरान बंदूक उसके हाथ से गिर गई। मामले म

घटना उमरिया वन विकास निगम परियोजना की आवासीय कॉलोनी की बताई जा रही है। उप संभागीय प्रबंधक सुचिता मेश्राम के पति सत्येंद्र शुक्ला जन्मदिन मना रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बंदूक से हवाई फायरिंग की। पार्टी में कई लोग मौजूद थे और तेज आवाज में गाने भी बज रहे थे।



वीडियो में सत्येंद्र शुक्ला हवाई फायर करते नजर आ रहे हैं। फायरिंग के दौरान वह झूमते हुए दिखाई देते हैं। इसी बीच उनके हाथ से बंदूक छूटकर नीचे गिर जाती है। घटना के दौरान आसपास कई लोग मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, घटना 27 नवंबर 2025 की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने सत्येंद्र शुक्ला और रेंजर अतुल वाजपेई के खिलाफ तीन धाराओं में मामला दर्ज किया है।